## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर युवक को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढी क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी वेदप्रकाश पुत्र राम शरण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को रात आठ बजे मोहल्ले के सोनू और शिवा से उसका विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी। बचाने आए उसके पुत्र गौरव के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आसपास के लोगों के एकत्र हो जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज की है।

### घर से बिना बताए निकला युवक लापता

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकडिया निवासी अजय प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 मार्च को सुबह 11.30 बजे उसका 17 वर्षीय छोटा भाई अनुज कुमार घर से बिना बताए कहीं चला गया। काफी देर तक वापस न आने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन की। गांव और रिश्तेदारों में भी जानकारी की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आाधर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना न्यूरिया के ग्राम मेथी सैदुल्लागंज निवासी राम कृष्ण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री नीतू देवी व कुमकुम स्कूटी से जा रही थी। तभी न्यूरिया क्षेत्र के कुकरा चौराहा पर ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सभासद ने की जिम संचालक से मारपीट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम ललौरीखेड़ा निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मार्च को चेतन गंगवार निवासी ग्राम कनाकोर ने अपने एक साथी के साथ उसके जिम पर आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिम में मौजूद लोगों ने किसी तरह उसको बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जय-जय अंबे मां, जय जगदंबे रानी...से गूंजे घर और मंदिर

## मां यशवंतरी देवी मंदिर परिसर में चल रहे मेले में दूर दराज से पहुंचे लोग, नवमी को लेकर इंतजाम रहे सख्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार



बरखेड़ा चीनी मिल में पूजा अर्चना करते कॉलोनी के श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- दुर्गाष्टमी के अवसर पर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु
- घरों में कन्या पूजन कराकर खोला गया व्रत

**अमृत विचार** : दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर जिलेभर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तजन मां दुर्गा के दर्शन और पूजन के लिए कतारों में खड़े नजर आए, वहीं जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कई घरों में श्रद्धा और आस्था के साथ कन्या पूजन कर व्रत खोले गए। उधर, मां यशवंतरी देवी मंदिर परिसर में चल रहे मेले में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ मेले का आनंद लिया। नवमी को लेकर भी मंदिरों और घरों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शुक्रवार को रामनवमी मनाई जाएगी।

शहर के मां यशवंतरी देवी मंदिर, महामातेश्वरी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, शेरों वाली मठिया समेत कई स्थानों पर देवी मंदिरों में महागौरी की आराधना की गई। भक्तों ने माता को सिंदूर, अक्षत, फूल, फल, मिठाई, धूप, दीप और नारियल चढ़ाया। साथ ही नारियल से बनी मिठाई का भोग लगाया। उन्हें प्रसन्न करने के लिए माता के मंत्रों का उच्चारण कर दीप प्रज्ज्वलित किए। माता का भव्य शृंगार किया गया।

घरों में भी पूजन किया गया। सुबह चार बजे से ही लोग कन्या पूजन की तैयारियों में जुट गए। मां की पूजा अर्चना की और कन्याओं को जिमाने के लिए हलवा, पूरी, सब्जी तैयार की। व्रती लोग कन्याओं को बुलाने के लिए उनके घरों में पहुंचने लग गए थे। छोटे-छोटे बच्चे गलियों में दिखाई देने लगे। बाल कन्याओं का पूजन कर जिमाया गया। उनके पैर धुलाकर, माथे पर तिलक लगाकर श्रद्धापूर्वक पूर्वक भोजन कराया। देर शाम आरती, हवन-पूजन और दुर्गा चालीसा के स्वर गूंजते रहे।

महिला मंडलियों ने भजन कीर्तन कर मैया के भजन गाए तो कहीं भक्तों ने फलाहार बांटा। इधर, निरंजन कुंज स्थित मंदिर में रामायण का पाठ कराया गया। जहां नवमी पर कन्या पूजन किया गया। शुक्रवार को रामनवमी मनाई जाएगी। इसके अलावा लाल रोड पर स्थित मां दुर्गा पंडाल में भी बुधवार रात श्री बाला जी का भव्य दरबार सजाया गया। जहां महंत सेवक विशाल ने बाबा के भजनों को गुणगान किया। दरबार के यजमान के रुप में शुलभ आनंद और कमेटी के लोग रहे। देर रात तक भजन संध्या के बाद बाबा की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

इधर, यशंवतरी देवी मंदिर में भी मां के दर्शन पाने के लिए भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। भीड़ को देखते हुए पुलिस बल ने व्यवस्था बनाने के लिए बैरियर लगाकर लाइनें लगवाई। मंदिर प्रागंण में भी महिला सिपाही व्यवस्था बनाने में लगी रही। साथ ही झंडी चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ भी मेले में पहुंचती रही। ढोल नगाड़ों के साथ श्रद्धालु भजन में थिरकते नजर आए। देर शाम मंदिरों में भीड़ लगी रही।

### बजाज चीनी मिल में भी हुआ पूजन

**बरखेडा, अमृत विचार** : बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल में दुर्गाष्टमी पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान प्रागंण में मां दुर्गा का पूजन पंडित विनय रतूड़ी ने कराया गया। जिसके बाद हवन किया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारो ने साथ बैठकर पूजा अर्चना की। इसके बाद कन्या पूजन करते हुए मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूजा अर्चना इकाई प्रमुख जितेंद्र सिंह जादौन द्वारा सम्पन्न की गई।



यशवंतरी देवी मंदिर में कन्या पूजन करती महिला। ● अमृत विचार

# सूरज की रोशनी से चमकेगा मेडिकल कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मेडिकल कॉलेज परिसर में रखी सोलर पैनल और मशीनें। ● अमृत विचार

- सोलर पैनल से दूर होगी बिजली की किल्लत
- 200 बेड अस्पताल समेत अन्य भवनों पर लगेंगे पैनल

**अमृत विचार** : जिले के मेडिकल कॉलेज में अब बिजली संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। सोलर पैनल लगाए जाने का काम शुरू हो गया है, जिससे अस्पताल की बिजली व्यवस्था अधिक मजबूत और सुचारु होगी। खासतौर पर 200 बेड अस्पताल सहित अन्य भवनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिलने के बाद लगातार बदलाव किए जा रहे हैं। ओपीडी ब्लॉक के लिए 200 बेड का हॉस्पिटल तैयार किया गया है। जिसका शुभारंभ जल्द ही होने की संभावना जताई जा रही है। इसको लेकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने वहां साफ सफाई के अलावा दवा, पर्चा काउंटर आदि की व्यवस्थाएं पूरी कर ली है। अब तीन मंजिल के इस भवन में किस तल कौन सा विभाग स्थापित करना है। इसको लेकर मंथन चल रहा है। अभी इस अस्पताल लाइट और जनरेटर की सुविधा पर निर्भर था। मगर केंद्र सरकारी की सोलर पैनल योजना के तहत अब मेडिकल कॉलेज को बिजली की किल्ल्त से दूर करने की कवायद तेज कर दी गई है।

शासन की ओर से यहां सीधे सोलर पैनल स्थापित कराए जा रहे हैं।जिसको लेकर 20 दिन पहले सामग्री कैंपस में भेज दी गई है। अब जल्द ही कंपनी की ओर से इंस्टॉल का कार्य शुरु कराया जाएगा। इससे न केवल बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या कम होगी, बल्कि अस्पताल को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत भी मिल सकेगा। अस्पताल में अक्सर बिजली की आंख-मिचौली के चलते मरीजों और चिकित्सकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सोलर पैनल लगने के बाद दिन के समय बिजली की निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी और आपात सेवाएं भी अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगी। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि सोलर पैनल से न सिर्फ ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज में लाइट को लेकर किसी तरह की समस्या नहीं होगी। जल्द ही इंस्टाल का काम भी शुरु हो जाएगा।

# सपा ने मनाई सम्राट अशोक मौर्य की जयंती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




सम्राट अशोक मौर्य की जयंती मनाते सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

**अमृत विचार**: समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को सम्राट अशोक मौर्य की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में कार्यकर्ता जमा हुए और सम्राट अशोक मौर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सम्राट अशोक का जीवन हमें शांति, अहिंसा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके द्वारा अपनाई गई नीतियां अभी भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। सम्राट अशोक के आदर्शों को अपनाते हुए समाज में भाईचारा, समानता और सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया।

संचालन शहर पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज़ अल्वी ने किया। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, नरेन्द्र मिश्रा कट्टर, हाजी अकबर अहमद अंसारी,गयासुद्दीन मंसूरी, रमेश राजा, महेश पटेल, गुरविंदर सिंह, धनपति वर्मा, संदीप सक्सेना, संजय सिंह यादव, जगदीश पटेल, मोहम्मद अली, निरंजन कुमार गंगवार,राहुल कश्यप,रामवीर कश्यप, निशान अहमद, सम्मी कुमार, अरुण कुमार, मानवेंद्र सिंह यादव, शरद यादव, शरफुद्दीन नूरी,पुनीत मौर्य आदि मौजूद रहे।

# ब्रह्म शक्ति महायज्ञ को तैयार किए पार्थिव शिवलिंग



शिवलिंग तैयार करती महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार**: गांव नौगवां नवीनगर सिद्ध पीठ मंदिर पर श्रीराम ब्रहम्म शक्ति महायज्ञ को लेकर गुरुवार को कलश पूजन किया गया। महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर कलश विसर्जन करने के बाद पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। भूमि पूजन, कलश पूजन, यज्ञ पूजन, वेदी पूजन कराया गया।

महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर यज्ञ के प्रति जन जागृति पैदा करने के बाद कलश पूजन कर उनका विधिवत विसर्जन भी किया। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ जुटी। सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण महिलाओं सहित श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप के महंत हरि सेवादास के निर्देशन में किया। इस मौके पर रामपाल गंगवार, हरिनन्दन वर्मा, महेंद्रपाल, राजकुमार, सरोज कुमार, सुमेरमल, रामबेटी, नन्ही देवी, सुमन, रचना देवी आदि मौजूद रहे।

# रामनवमी शोभायात्रा आज निकाली जाएगी

**पीलीभीत, अमृत विचार**: श्रीरामलीला महोत्सव संचालन समिति द्वारा श्रीराम नवमी उत्सव के 139वें वर्ष में शुक्रवार को मोहल्ला तखान स्थित परमठ मंदिर में प्रभु श्रीराम की आरती एवं व्रतोत्सव पत्रिका का विमोचन और फिर राम नवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के सर्वराकार एवं संचालक महंत ओमकार नाथ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मार्च को प्रभु श्रीराम की आरती एवं व्रतोत्सव पत्रिका का विमोचन दोपहर 12 बजे किया जाएगा। जिसके पश्चात श्रीराम नवमी शोभायात्रा दोपहर दो बजे परमठ मंदिर से निकाली जाएगी जोकि ड्रमंडगंज चौराहा, चौक बाजार, गौरीशंकर मंदिर से वापस आयुर्वेदिक कॉलेज, इमली चौराहा, शनिदेव मंदिर, जमुनी चौराहा, छिपियान मस्जिद चौराहा, चावला चौराहा, गैस चौराहा, छतरी चौराहा, रेलवे स्टेशन से वापस होकर स्टेशन रोड समेत कई जगहों से होकर वापस परमठ मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी।

# विधायक ने बिजुआ क्षेत्र में दौरा कर सुनीं समस्याएं



बिजुआ क्षेत्र के गांव में महिला की समस्या सुनते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों को दिया निराकरण का भरोसा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार**: विधानसभा गोला के बिजुआ क्षेत्र के कई गांवों का विधायक अमन गिरि ने दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं और निराकरण का भरोसा दिलाया है।

विधायक श्री गिरि ने ग्राम पंचायत राजगढ़ के प्रधान सूरज मौर्य, ग्राम पंचायत पल्हनापुर के पूर्व प्रधान चुन्नीलाल, ग्राम पंचायत रामालक्षना के पूर्व प्रधान अजय राठौर के यहां अपनों के बीच बैठकर क्षेत्र के विकास की बातें कर ग्रामीणों को सरकार की जन हितकारी योजनाओं की जानकारी दी। पंचायतों में मौजूद लोगों की समस्याओं को सुनकर निवारण का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने गांव में सड़क, नाली, खड़ंजा आदि समस्याएं विधायक के सामने रखीं।

विधायक श्री गिरि के साथ शिवप्रसाद मौर्य, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बच्चू सिंह, प्रधान अखिलेश वाजपेयी, प्रेम अवस्थी, वीरेंद्र दीक्षित, अवधेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सातवें दिन भक्तों ने सुना कृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग

**बिलसंडा, अमृत विचार**: गांव जादौपुर नथा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में गुरुवार को श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। कथा व्यास सदगुरू देव महाराज ने कहा कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी का विवाह उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल के साथ तय कर दिया था, मगर रुक्मिणी श्रीकृष्ण को मन से अपना पति मान चुकी थीं। उन्होंने श्रीकृष्ण को पत्र लिखकर स्वयं का हरण करने को कहा। रुक्मिणी की सच्ची श्रद्धा और प्रेम को देख भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी को स्वयंवर से हरण कर ले जाते हैं और विवाह करते हैं। कथा व्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण रुक्मिणी का विवाह सच्चे प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। विवाह प्रसंग को सुनकर भक्त भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान प्रधान संजय पांडेय, डॉ. हिमांशु सक्सेना, बैजनाथ, हरिओम, पंकज मिश्रा, राकेश शर्मा, रजनीश, सीताराम, विनोद कश्यप आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में दी गई योजनाओं की जानकारी



प्रशिक्षण में मौजूद पशुपालक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार**: ब्लॉक सभागार में गुरुवार को पशुपालन विभाग की ओर से पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जगदेव सिंह ने पशुपालकों को पशुओं की नस्लों, पहचान, नस्ल सुधार, रखरखाव, टीकाकरण आदि की जानकारी दी।

इसके साथ ही शासन की योजनाओं पशुधन बीमा,केसीसी पशुपालन घटक,गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन,सहभागिता योजना,प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री गोसंवर्धन योजना,नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, कुकुट पालन योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी प्रमोद शुक्ला,अक्षय सिंह भदौरिया,रामदास पाठक, जगजीत सिंह, प्रवीन गुप्ता,कुलदीप सिंह,रामपाल,दीनदयाल, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 मार्च को उसने थाना गजरौला में पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के लाइनपार गौटिया निवासी सुनील कुमार समेत दो लोगों के खिलाफ पुत्री के साथ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सुनील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी सुनील के मामा वीरबल निवासी ग्राम महुआ ने घर आकर मुकदमे में समझौता करने का दबाव बनाया। समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सुनील और वीरबल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि जांच उपनिरीक्षक संदीप सिंह को सौंपी है।

**लक्ष्य अधूरा**

## निजी अस्पतालों का बढ़ता दबदबा, लक्ष्य के मुकाबले आधे से भी कम सरकारी अस्पतालों में हो रहे प्रसव

# सरकारी अस्पतालों से मुंह मोड़ रहीं जिले की प्रसूताएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




- कमीशनखोरी डॉक्टरों की कमी और अव्यवस्था से निजी अस्पतालों की ओर बढ़ रहा रुझान

> आशाओं को सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा गया है। अधिकतर जगह अब प्रसव की सुविधा शुरु कर दी गई है। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. आलोक कुमार सीएमओ।

**अमृत विचार** : तमाम प्रयासों के बावजूद प्रसव को लेकर सरकारी अस्पतालों की स्थिति संतोषजनक नहीं बन पा रही है। गर्भवती महिलाएं जांच और टीकाकरण तो सरकारी अस्पतालों में कराती हैं, लेकिन प्रसव के लिए निजी अस्पतालों का रुख कर रही हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं और कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जननी सुरक्षा योजना के तहत सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं और प्रसूताओं व आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। इसके बावजूद जिले में लक्ष्य के अनुरूप सरकारी अस्पतालों में प्रसव नहीं हो पा रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी तक 52,700 प्रसव का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष 43,462 प्रसव ही हो सके। इनमें से मात्र 21,086 प्रसव सरकारी अस्पतालों में हुए, जबकि 22,376 प्रसव निजी अस्पतालों में कराए गए। वहीं 37 प्रसव घरों में हुए। इससे पहले वर्ष 2024-25 में करीब 23,034 और 2023-24 में भी इसी तरह के हालात रहे। जबकि प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत जांच और चेकअप करने में प्रसूताओं की संख्या अधिक रही है।

बताते हैं कि सरकारी अस्पतालों में प्रसव कम होने के पीछे कई कारण हैं। इनमें डॉक्टरों की कमी, व्यवस्थाओं में ढिलाई और मरीजों का भरोसा कम होना प्रमुख हैं। आरोप यह भी है कि आशा कार्यकर्ता और एंबुलेंस चालक कमीशन के चलते गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों की ओर मोड़ देते हैं।

परिवारों को इस तरह प्रभावित किया जाता है कि वे सरकारी अस्पताल की बजाय निजी अस्पताल को ही सुरक्षित विकल्प मान लेते हैं। कुछ अस्पतालों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण स्टाफ नर्स ही प्रसव कराती हैं, जिससे परिजन असहज महसूस करते हैं। कई मामलों में मरीजों को सीधे रेफर कर दिया जाता है। पूर्व में महिला अस्पताल से लेकर सीएचसी तक रेफर करने के मामले सामने आ चुके हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की बैठकों में यह मुद्दा बार-बार उठता है, लेकिन ठोस रणनीति के अभाव में स्थिति में खास सुधार नहीं हो पा रहा है।

### 1426 आशाएं तैनात, फिर भी लक्ष्य अधूरा

जिले में कुल 1426 आशा कार्यकर्ता तैनात हैं, जिनमें 28 शहरी क्षेत्र की हैं। इन्हें संस्थागत प्रसव कराने पर 600 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके अलावा इनमें 300 रुपये गर्भवती की देखभाल के लिए और 300 प्रसव के बाद देय होते हैं। इसके अलावा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस में लाभार्थियों को प्रेरित करने और दिवस में उपस्थित रहने के ही दो सौ रुपये मिलते हैं। इधर, अन्य योजनाओं के माध्यम से भी स्वास्थ्य कार्यक्रमों और गतिविधियों में भी अलग-अलग भुगतान किया जाता है। इसके बावजूद अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं, जो व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### लापरवाही भी पड़ रही भारी

सरकारी अस्पतालों में रात के समय प्रसव सेवाएं प्रभावित होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। सीएचसी और महिला अस्पतालों में ऑपरेशन की सुविधा न होने या डॉक्टर के उपलब्ध न होने का हवाला देकर गर्भवतियों को रेफर कर दिया जाता है। इस दौरान बिचौलिये सक्रिय होकर उन्हें निजी अस्पतालों तक पहुंचाते हैं और इसके बदले कमीशन लेते हैं। अस्पतालों के बाहर ऐसे लोगों की मौजूदगी और कर्मचारियों से साठगांठ की भी चर्चा है।

# भूसा व हरे चारे का संकट...36 घंटे में आठ गोवंश की मौत

## मूसेपुर जयसिंह गोशाला से उजागर हुई अव्यवस्था, सूचना पर दौड़े अफसर, लापरवाही पर सुपरवाइजर को लिया हिरासत में, शांतिभंग में चालान

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा



गोशाला पहुंचे एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार



मूसेपुर जयसिंह गोशाला में भूसे के इंतजार में गोवंश। ● अमृत विचार



गोवंश की मौत के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: गोआश्रय स्थलों में गोवंशीय पशुओं के लिए व्यवस्थाएं चाकचौबंद होने के जिम्मेदारों के दावे एक बार फिर हवाहवाई साबित हो गए। ब्लॉक बरखेड़ा क्षेत्र की मूसेपुर जयसिंह गांव में बनी गोशाला में 36 घंटे के भीतर आठ गोवंश की जान चली गई। भूख व इलाज के अभाव में गोवंश की मौत का शोर मचा तो खलबली मच गई। एसडीएम, बीडीओ समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और फिर कार्रवाई की लकीर पीटते हुए सुपरवाइजर को पुलिस हिरासत में दे दिया। हालांकि घटना के बाद उठते सवालों पर जिम्मेदारों के स्तर से न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई न ही संतोषजनक जवाब दिया जा सका।

गोवंश संरक्षण मुहिम के बीच कई बार जिले में गोशाला में आश्रित पशुओं की दुर्दशा उजागर हो चुकी है। गुरुवार को ताजा मामला बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्रकी मूसेपुर जयसिंह गोशाला में उजागर हुआ। 200 गोवंश की क्षमता वाली इस गोशाला में वर्तमान में 381 पशु जियो टैगिंग और करीब दस पशु बिना टैगिंग के आश्रित हैं। इस गोशाला में भूसा, हरा चारा, चोकर आदि की सप्लाई एक एनजीओ के माध्यम से कराई जाती है। गोशाला पर इस एनजीओ के चौकीदार सुमित कार्यरत रहते हैं। वह जनपद रायबरेली के ग्राम सिलोखर के रहने वाले हैं। करीब सात अन्य कर्मचारी साफ सफाई समेत अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए लगे हुए हैं। इस गोशाला में आश्रित पांच पशु बुधवार और गुरुवार सुबह तीन यानि 36 घंटे के भीतर आठ गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई।

खास बात थी कि इन गोवंशीय पशुओं के शवों का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। सिर्फ लापरवाही को छिपाने के लिए दफना दिया गया। आठ गोवंश की मौत के बाद व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाए जाने लगे। भूख और इलाज के अभाव में गोवंश की मौत होने की बात कही गई।इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय, बीडीओ बरखेड़ा वेदप्रकाश, एडीओ पंचायत नजरुल हसन, पशु चिकित्साधिकारी डॉ.हरपाल सिंह मौके पर पहुंच गए। निरीक्षण कर जानकारी की गई। लापरवाही मिलने पर एसडीएम ने फटकार लगाई और एनजीओ के सुपरवाइजर विशाल को मौजूद पुलिसकर्मियों के हवाले करते हुए शांतिभंग की आशंका में चालान करने के निर्देश दे दिए।

पुलिस उसे हिरासत में ले लेकर चली गई। इधर, पूरे मामले की विस्तार से जानकारी की गई। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार का कहना है कि गोशाला के सुपरवाइजर का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।



मृत गोवंश से निकाले गए टैग।

### प्रधान पति बोले: एक माह से आया ही नहीं हरा चारा


ग्राम प्रधान विमलेश कुमारी के पति दिगंबर दयाल का कहना है कि गोशाला में हरा चारा एक माह से आया ही नहीं है। भूसा सड़ा हुआ आया है और बेहद कम है। चोकर की व्यवस्था भी नाम के लिए है। इसके बारे में कर्मचारियों से पूछा गया तो पता चला कि एनजीओ के सुपरवाइजर ने चोकर डालने के लिए मना किया है। करीब आठ पशुओं की बुधवार से गुरुवार तक मौत हो चुकी है। इसके संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

### पूर्व के निरीक्षणों में मिली लापरवाही, फिर भी नहीं ली सुध

मूसेपुर जयसिंह गोशाला की गोशाला में अब पशुओं की देखरेख में लापरवाही और चारे के संकट की स्थिति पूर्व में भी अधिकारियों के सामने आ चुका है। मगर, उस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। गोशाला के निरीक्षण रजिस्टर के अनुसार, 27 जनवरी को सीवीओ ने निरीक्षण किया था। उस वक्त ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा गोशाला का भ्रमण न करने की बात साफ शब्दों में लिखी गई थी। इसके अलावा पशु चिकित्साधिकारी ने 19 मार्च को निरीक्षण किया था। उस वक्त सामने आया था कि 10 दिन से चोकर नहीं है। हरे चारे की समस्या भी करीब 20 दिन से बनी हुई थी। भरपेट भूसा-चारा न मिलने की वजह से गोवंश के कमजोर होने का भी जिक्र किया गया था।

> गोशाला में आठ नहीं, पांच पशुओं की मौत हुई है। इसमें तीन पशु गुरुवार और दो पशु बुधवार को मर गए थे। इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। - **डॉ . हरपाल सिंह**, पशु चिकित्साधिकारी

> गोवंश की मौत होने की सूचना मिलने पर गए थे। गोशाला में 40 क्विंटल भूसा और 17 कट्टे चोकर का स्टॉक मिला है। गोवंश की मौत की वजह को लेकर पशु चिकित्साधिकारी से रिपोर्ट मांगी गई है। - **वेदप्रकाश**, बीडीओ बरखेड़ा



### नवम सिद्धिदात्री

मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र...

**माँ सिद्धिदात्री: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः**

### शहर में आज

- परमठ मंदिर में राम जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं पत्रिका विमोचन सुबह 11.30 बजे।
- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।
- शहर और बिलसंडा में रामनवमी शोभायात्रा दोपहर 02 बजे से।
- मां यशवंतरी देवी मंदिर समेत अन्य स्थानों पर पूजन और कन्याभोज सुबह 06 बजे से।

### न्यूज ब्रीफ

#### रुपये देने के बाद भी नहीं लौटाए गिरवी रखे जेवर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महताबनगर निवासी राजाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब 13 माह पूर्व उसने सोने-चांदी के जेवर 46 हजार रुपये में जहानाबाद के एक सर्राफ के पास गिरवी रखे थे। डेढ़ माह बाद 30 हजार रुपये तीन बार में सर्राफ उनकी पत्नी मधु से ले गया था। वह मजदूरी करने के लिए गए थे। वापस आने पर आरोपी के पास जेवर ले गए तो उसने लौटाने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस जांच कर रही है।

#### महिला को हमला कर किया घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी गीता गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च को सुबह घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। तभी गांव की गायत्री देवी ने नाली के विवाद में गाली गलौज शुरू कर दी। सिर पर लोहे की राड मार दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# अधूरी सड़क को लेकर आक्रोश धरना-प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मझोला में सड़क की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

- राज्यमंत्री के प्रतिनिधि से मुलाकात में मिला था आश्वासन
- पीडब्ल्यूडी के सुध न लेने पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई

**अमृत विचार**: राज्यमंत्री के प्रतिनिधि से हुई मुलाकात पर मिले आश्वासन के बाद पीडब्ल्यूडी की ओर से सुध नहीं ली गई तो व्यापारियों ने नाराजगी जताई। समस्या का समाधान न होने पर अब धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। कई व्यापारियों ने इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

मझोला-दियूनी डैम मार्ग का निर्माण चल रहा है। आधी अधूरी बनी सड़क कस्बा मझोला के व्यापारियों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। उड़ते धूल के गुबार से लोग परेशान है।दुकानों पर रखे सामान में मिट्टी की मोती परत जम रही है।

बीते दिनों समस्या के समाधान की मांग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल से मुलाकात करके की गई थी। जिला प्रतिनिधि ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी से वार्ता की और आश्वासन मिला था। मगर, दो दिन बाद भी इसके मुताबिक कोई कदम नहीं उठाया जा सका। व्यापारियों की समस्या जस की तस बनी हुई है। व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। धूल, गड्ढों और आवागमन की समस्या से ग्राहक दुकानों पर आने से बच रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को कई व्यापारियों प्रदर्शन कर विरोध जताया।

चेतावनी दी गई कि अगर पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया तो मजबूरन मझोला के व्यापारी राज्यमंत्री के जनसहयोग कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रशासन से इसका समाधान कराने की मांग की है।

## नशे में अभद्रता करने से रोका तो कर दी पिटाई

**बीसलपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला पटेलनगर निवासी रेखा देवी पत्नी सुरेश चंद्र मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 मार्च को दोपहर करीब तीन बजे पड़ोसी धर्मपाल नशे में डंडा लेकर उनके घर के पास आया और गाली गलौज करने लगा। कुछ लोगों ने मामला शांत करा दिया। इसके बाद 23 मार्च की सुबह धर्मपाल पुनः डंडा लेकर आया व अभद्रता शुरू कर दी। पति सुरेश चंद्र मौर्य ने विरोध किया तो झगड़ने लगा। आरोपी ने अपने बेटे रविंद्र, पत्नी संगीता की मदद से पति की पिटाई कर दी। उनको भी पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# 43 बिंदुओं पर तय होगी डिग्री कॉलेजों की रैंकिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शिक्षण, शोध, इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई पहलुओं पर होगा मूल्यांकन
- 3 माह की गतिविधियों के आधार पर बनेगी रैंकिंग, पोर्टल अपडेट जरूरी

**अमृत विचार :** जिले के डिग्री कालेजों की गुणवत्ता अब तय मानकों की कसौटी पर परखी जाएगी। उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग के लिए 43 बिंदुओं का निर्धारण किया गया है, जिनके आधार पर कालेजों का मूल्यांकन होगा। इससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और संस्थानों में बेहतर प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।

जिले में कुल 35 डिग्री कालेज संचालित हैं, जिनमें एक अशासकीय सहायता प्राप्त, तीन राजकीय, एक संघटक राजकीय और शेष निजी कालेज शामिल हैं। नई व्यवस्था के तहत कालेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर, शोध कार्य, डिजिटल लाइब्रेरी, छात्र-शिक्षक अनुपात समेत कई पहलुओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

रैंकिंग प्रक्रिया राज्य स्तरीय क्वालिटी इंश्योरेंस सेल के माध्यम से कराई जाएगी। इसके लिए कालेजों को अपनी प्रोफाइल और गतिविधियों का नियमित अपडेट पोर्टल पर दर्ज करना होगा। तीन माह में किए गए कार्यों और उपलब्धियों के आधार पर कालेजों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में केवल परीक्षा परिणाम ही नहीं, बल्कि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियां, पुस्तकालय व लैब सुविधाएं, डिजिटल शिक्षा, प्लेसमेंट और करियर काउंसिलिंग जैसे पहलुओं को भी शामिल किया गया है। नई प्रणाली से कालेजों में गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा मिलने के साथ छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने की उम्मीद है। विभाग ने रैंकिंग के लिए 43 बिंदुओं का प्रारूप तैयार किया गया। जिनका पालन सभी महाविद्यालयों को करना होगा। कालेज प्रशासन को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# डीपीआरओ को निरीक्षण में मिलीं खामियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गांव टांडा में पंचायत भवन का निरीक्षण करते डीपीआरओ रोहित भारती।

- दो ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था बेपटरी
- आरआरसी सेंटर का नियमित नहीं मिला संचालन

> पूरनपुर ब्लाक की दो ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया था। कमियां मिलने पर संबंधित पंचायत सचिवों को सभी व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। दोनों पंचायतों के सचिवों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया जा रहा है। -**रोहित भारती**, डीपीआरओ।

**अमृत विचार**: डीपीआरओ को पूरनपुर ब्लाक की दो ग्राम पंचायतों में तमाम अव्यवस्थाएं मिलीं। दोनों पंचायतों में साफ-सफाई बेहतर नहीं मिलीं। वही आरआरसी सेंटरों का संचालन भी नियमित होते नहीं पाया गया है। वहीं निर्माणाधीन बहुउद्देशीय पंचायत भवन में लिंटर पड़ा नहीं मिला। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

डीपीआरओ रोहित भारती ने बीते बुधवार को पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत टांडा और सिकरहना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों ग्राम पंचायतों में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त नहीं मिली। जहां तहां गंदगी के ढेर लगे मिले। जिस पर उन्होंने खासी नाराजगी जताई। दोनों ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटरों का संचालन भी नियमित होते नहीं मिला। ग्राम पंचायत सिकरहना में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय पंचायत भवन का लिंटर कार्य भी होते नहीं मिला। इस पर उन्होंने निर्माणाधीन भवन का जल्द लिंटर डलवाने के निर्देश दिए।

दोनों ग्राम पंचायतों में व्यवस्थाएं दुरुस्त न मिलने पर उन्होंने पंचायत सचिवों को पंचायत भवन, आरआरसी सेंटर एवं सामुदायिक शौचालयों का नियमित संचालन शुरू कराते हुए सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पहली अप्रैल से शुरू हो रहे संचारी अभियान के तहत गांवों में फॉगिंग कराने के साथ एंटीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए।

## पहले कार को मारी टक्कर, फिर हमला

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम सदरपुर निवासी सरविंदर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च को काम से वह बच्चों के साथ कार से ग्राम दियूरनिया गए थे। दियूरनिया में जन सेवा केंद्र के पास वह कार से खड़े थे। तभी शाम पौने छह बजे गांव के फिरोज, शाहिद और एक अज्ञात व्यक्ति ने बाइक से उसकी कार में टक्कर मार दी। उसने उक्त लोगों से कार ठीक कराने के लिए कहा तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। ईंट मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। लाठी-डंडों से उसकी कार तोड़ दी। जिससे कार की लाइट और बंफर क्षतिग्रस्त हो गए। शोर शराबा होने पर राहगीर एकत्र हो गए और उसे बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# कार खाई में पलटी, एक परिवार के 3 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

- गजरौला क्षेत्र में बिठौरा और मुड़ेला कला के बीच हुआ हादसा
- पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा

**अमृत विचार :** असम हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। हादसे में महाराष्ट्र के एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया।

थाना गजरौला क्षेत्र में गुरुवार को बिठौरा कला और मुड़ेला कला के बीच नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते हैं कि महाराष्ट्र के गढ़ नागपुर निवासी अजय बंसल (40), उनकी पत्नी पायल बंसल (38) और 12 वर्षीय पुत्री सनाया बंसल कार से यात्रा कर रहे थे। परिवार शाहजहांपुर के खुटार क्षेत्र में रिश्तेदारी से लौट रहा था और पंजाब जाने के लिए निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार अधिक थी, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और वाहन खाई में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा वाहन से नियंत्रण खोने के कारण हुआ प्रतीत होता है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और घायलों के परिजनों को सूचना दी जा रही है।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बना रही सरकार

## नवनिर्माण के 9 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि बोले प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र सौंपते प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित नौ दिवसीय कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। अंतिम दिन मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख रहे। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को बताया और कई योजनाओं के पात्रों को लाभान्वित किया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना की।

सेवायोजन, कौशल विकास मिशन एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग का संयुक्त आयोजन गांधी प्रेक्षागृह में किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी गई। नवनिर्माण के नौ वर्ष नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाऐं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत पांच लाख तक ब्याज मुक्त लोन दिया जा रहा है। जनपद के 1400 बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार स्थापित करने बैंक से लोन दिया गया है। जनपद के बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

● **कहा- शीघ्र स्थापित होगा बासमती चावल अनुसंधान**

जनपद में शीघ्र ही बासमती चावल अनुसंधान का स्थापित किया जाएगा। कहा कि एक जनपद एक उत्पाद योजना में शामिल होकर जिले की बांसुरी देश विदेशों तक भेजी जा रही है। एक जनपद एक व्यंजन योजना में जनपद से लौज को चुना गया है। पीलीभीत में पर्यटन का बढ़ावा दिया है। डीएम ने कहा कि कि कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य सरकार की नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करना रहा है।

प्रत्येक व्यक्ति कुछ न कुछ नया सीखें, नया उद्योग स्थापित कर अपनी आय में वृद्वि करने के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे। इस दौरान लगाई गई प्रदर्शनी में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, सूचना विभाग प्रदर्शनी, मिशन शक्ति द्वारा स्टाल लगाए गए, जिनका भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की गई। इस मौके पर कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा गोकुल प्रसाद मौर्य, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, विधायक बीसलपुर विवेक कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धियां बताई।



बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बनाई रंगोली देखते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

### दिव्यांगजनों को वितरित किए उपकरण

जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को 10 ट्राइसाईकिल, 02 जोड़ी बैसाखी, 03 व्हीलचेयर, 03 श्रवणयंत्र, 03 लैप्रोसी किट का वितरण किया। बालसेवा योजना, अप्रेन्टिस, कौशल विकास मिशन, एनआरएलएम की समूह सखी, आजीविका सखी, पशुपालन के लाभार्थी, आयुमान भारत योजना, सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान, कृषि विभाग, स्वयं सहायता समूहों के लाभाथियों एवं खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान लाभार्थियों को डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया।

# गोमती दर्शन संस्था ने बड़े आंदोलन का बिगुल फूंका



डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को पत्रक देते श्चेता सिंह, निर्भय सिंह व योगेश्वर सिंह।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **28 मार्च से गोमती उद्गम स्थल से लखनऊ तक पदयात्रा का होगा आयोजन**

**अमृत विचार :** जीवनदायिनी आदि गंगा मां गोमती के अस्तित्व को बचाने और उसे उसका खोया गौरव वापस दिलाने के लिए गोमती दर्शन संस्था ने एक बड़े आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। 28 मार्च से गोमती उद्गम स्थल से राजधानी लखनऊ तक एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण का समापन चार अप्रैल को होगा।

गोमती दर्शन संस्था की अध्यक्ष श्वेता सिंह ने बताया कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य गोमती नदी के संरक्षण के लिए सरकार और समाज को जगाना है। यह यात्रा गोमती को नदी आधिकारिक तौर पर राज्य नदी घोषित कराने, गोमती की भूमि को राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से गोमती नदी के नाम सुरक्षित कराने, नदी के डूब क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण और अतिक्रमण को रोक लगाने, नदी में किसी भी तरह के ठोस या तरल अपशिष्ट के बहाव पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गोमती के बेस फ्लो को बढ़ाने के लिए शारदा नदी से सतही जल का स्थायी प्रबंधन करना प्रमुख मांग है।

बताया क़ि इस पदयात्रा को सफल बनाने के लिए केंद्रीय कार्यसमिति के पदाधिकारी पूरी निष्ठा से जुटे हैं। संस्था अध्यक्ष समेत जिला गंगा समिति के सदस्य योगेश्वर सिंह, निर्भय सिंह ने गुरूवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने डीएम को पत्रक भेंट कर यात्रा के संबंध में विस्तार से बताया।

# पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचारः** करेली थाना क्षेत्र के गांव मन्नियां की नेमवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व शाहजहांपुर जिले के थाना कांट क्षेत्र के सलोमनपुर गांव के संदीप पुत्र माधवराम से हुई थी। दूसरी विदा के बाद से पति संदीप, सास संतोषी, ससुर माधवराम, ननद नीलम, ननदोई अनुज, देवर रोहित अतिरिक्त दहेज में बाइक, सोने की चैन, एक लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित किया जाने लगा।

मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। दो साल पहले भी इसकी शिकायत की गई थी, लेकिन उस वक्त ससुरालियों ने सुलह कर ली और विदा कराकर ले गए। एक साल पहले वह गर्भवती हुई। उसके बाद मारपीट कर पिछले साल 29 मई की शाम को पीटकर घर से निकाल दिया। दो माह पूर्व उसने एक पुत्र को जन्म दिया, इस पर भी ससुराल वाले नहीं आए। एसओ करेली विपिन शुक्ला ने बताया कि पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बाइकों की टक्कर में दो घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** पीलीभीत मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। जनपद बरेली के कोतवाली बहेड़ी क्षेत्र के गांव कुठिया मल्लपुर निवासी 45 वर्षीय जानकी प्रसाद पुत्र नन्हूलाल गुरुवार को अपनी पत्नी कमला देवी के साथ बाइक से बीसलपुर के गांव कर्रखेड़ा मे रिश्तेदार के घर जा रहे थे। बरखेड़ा पीलीभीत मार्ग पर गांव पौटाकलां के पास पहुंचते ही दूसरे बाइक सवार गांव पिपरा खास निवासी अर्जुन कुमार पुत्र रामचंद्र से टक्कर हो गई ।हादसे में जानकी प्रसाद और अर्जुन कुमार घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया।

# प्रमुख सचिव वन दो दिवसीय दौरे के तहत वी हेकाली झिमोमी पहुंचीं पीटीआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **गोपालपुर स्थित निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर का किया निरीक्षण**

● **मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में वन अफसरों व बाघ मित्रों से किया संवाद**

**अमृत विचारः** प्रमुख सचिव वन अपने दो दिवसीय दौरे के तहत गुरुवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंची। इस दौरान उन्होंने पूरनपुर रेंज में निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। संबंधित वन अफसरों ने रेस्क्यू सेंटर कार्य की प्रगति आदि की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने दोनों प्रभागों के वन अफसरों के साथ बैठक कर वानिकी कार्यों समेत विभिन्न बिदुओं पर चर्चा की और दिशा निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव (वन) वी हेकाली झिमोमी गुरुवार दोपहर पीलीभीत पहुंची। यहां उन्होंने पूरनपुर रेंज स्थित गोपालपुर जंगल में 14.33 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वन अफसरों ने बताया कि रेस्क्यू सेंटर का निर्माण चार चरणों में किया जा रहा है। शासन से आवंटित 90.43 लाख रुपये की धनराशि से अंतिम चरण का कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान प्रमुख सचिव वन ने निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर में चल रहे कार्यों का जायजा लिया।

सेंटर में कराए गए जा रहे कार्यों को देखने के साथ उनकी गुणवत्ता भी परखी। कार्य प्रगति पर संतोष जताते हुए उन्होंने शेष बचे कार्यों को तय सीमा के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद प्रमुख सचिव वन मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंची। यहां उन्होंने दोनों प्रभागों के वन अफसरों से बातचीत की और बाघ मित्रों से संवाद किया। इस मौके पर पीसीसीएफ अनुराधा वेमुरी, मुख्य वन संरक्षक पी पी सिंह, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, बन एवं वन्य जीव प्रभाग के डीएफओ भारत कुमार डीके एवं अन्य वन अफसर मौजूद रहे।

# बच्चों की लड़ाई की रंजिश में मारपीट, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम इटौरिया निवासी रंजू पत्नी राजपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 मार्च को उसके पड़ोस के हेमंत पुत्र कोमिल प्रसाद की बच्ची पूजा व उसकी पुत्री निक्की खेलते समय आपस में लड़ गए। इस रंजिश में आरोपी हेमंत की ओर से मुनीश, धर्मपाल, भगवानदस उसके घर के सामने गाली गलौज करने लगे। उसने और उसके पति राजपाल ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट करना शुरू कर दी। पिटाई से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस इलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर में चार लोग घायल



अमरिया सीएचसी में घायल से जानकारी लेता स्टाफ।

**अमरिया, अमृत विचारः** बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर ग्राम बड़ापुरा के पास ई-रिक्शा और ट्रक की टक्कर हो गई। बताते हैं कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रक में घुस गया। गुरुवार सुबह हुए हादसे में ई-रिक्शा सवार गोपालनगर निवासी हाजरा (65) पत्नी आमिर अहमद, ग्राम परेवा वैश्य निवासी मैनाज बी (40) पत्नी गुलाब हसन, शबाब हसन (19) और ग्राम भौनी निवासी रामचंद्र (60) घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद सभी को रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि ई-रिक्शा सवारी लेकर अमरिया से सितारगंज की ओर जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

**पीलीभीत, अमृत विचारः** कोतवाली बीसलपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी ग्राम मुसेली निवासी सुवान खां पुत्र पुत्तन खां को मुसेली तिराहा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। विवेचना जल्द पूर्ण कर चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

# रेलवे ट्रैक किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **प्रारंभिक जांच में युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरकर होने की आशंका**

**अमृत विचार :** सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से खलबली मच गई। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरकर होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की ओर से शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव क्षत विक्षत हालत में मिला। घटना की जानकारी उस समय हुई जब सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के पास से कुछ लोग गुजरे। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। एसओ संजय कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया।

प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार, युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं और घटना स्थल की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से गिरने के कारण मौत होना प्रतीत होता है। कयास लगाया जा रहा है कि युवक रात के समय किसी ट्रेन से यात्रा कर रहा होगा और संतुलन बिगड़ने के कारण नीचे गिर गया होगा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के थानों को सूचना दी गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# पिता ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** दो दिन में पहले फंदे से लटकी महिला की मौत के मामले में मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। मामले में पिता ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम जंगरौली आशा निवासी शांतिस्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने पुत्री लक्ष्मी देवी की शादी न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर निवासी चंद्र प्रकाश से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में नकदी की मांग करते थे। दहेज न देने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। कई बार पुत्री ने मायके में शिकायत की। उन्होंने ससुरालियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह लोग नहीं मानें।

25 मार्च को सुबह सात बजे दहेज की मांग पूरी न होने पर पति चंद्र प्रकाश, ससुर राम किशन, जेठ प्रेम नरायण, जेठानी राखी देवी, अनीता देवी पत्नी मोहन स्वरूप ने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। मुकदमे की विवेचना सीओ सदर द्वारा की जाएगी।

### मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मचवाखेड़ा निवासी माधुरी पुत्री धर्मपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को सुबह करीब आठ बजे उसका भाई नरेश घर के पास बने कुए पर बैठा था। तभी गांव का बंटू उसके भाई से गाली गलौज करने लगा। विरोध पर मारपीट की। वीडियो बनाने पर उसके पीछे मारने को दौड़ पड़ा। घर पर डाली गई पन्नी में आग लगा दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# मजदूर के खाते में 30 लाख का संदिग्ध लेनदेन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **प्रधान पति पर आरोप, छह माह तक खाते से होता रहा लाखों का लेनदेन**

● **सीएसपी संचालक को हुआ शक, शपथ पत्र देकर डीएम से की शिकायत**

**अमृत विचार :** बीसलपुर क्षेत्र के एक मजदूर के बैंक खाते से लाखों रुपये के संदिग्ध लेनदेन का मामला सामने आया है। आरोप है कि खाते का इस्तेमाल कर करीब 30 लाख रुपये का हेरफेर किया। मामले में ग्राम प्रधान के पति की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। शिकायतकर्ता ने डीएम से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

बीसलपुर के गांव महादेवा निवासी आफताब ने डीएम से की शिकायत में बताया कि गांव के एक मजदूर के बैंक खाते का उपयोग कर छह मई 2024 से अक्टूबर 2024 तक करीब 30 लाख रुपये का लेनदेन किया गया। आरोप है कि यह रकम संदिग्ध तरीके से खाते में आई और फिर धीरे-धीरे निकाली जाती रही। बताया गया कि धनराशि की निकासी एक स्थानीय ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालक के माध्यम से हो रही थी। लगातार बड़ी रकम के लेनदेन को देखकर संचालक को शक हुआ, जिसके बाद उसने आगे पैसा निकालने से मना कर दिया। शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र देकर आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान के पति की भूमिका संदिग्ध है और उनके प्रभाव में ही मजदूर के खाते का दुरुपयोग किया गया। मामले को लेकर जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

### सिम पोर्ट कराने के नाम पर अंगूठा लगवाकर उड़ा दी रकम

**बिलसंडा, अमृत विचार :** सिम पोर्ट कराने के नाम पर एक जालसाज ने युवक के अंगूठे का निशान लिया और खाते से पांच हजार रुपये उड़ा लिए। गांव की एक अन्य महिला के खाते से भी दस हजार रुपये निकाले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। करेली गांव के रहने वाले विजेन्द्र सिंह पुत्र सुबेदार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर के बाहर स्थित किराना दुकान पर बैठे थे। इस दौरान पवन नाम का युवक आया और बताया कि वह वोडाफोन आइडिया कम्पनी का एजेंट है। मौके पर ही सिम पोर्ट करने का झांसा दिया। आरोपी ने मोबाइल नम्बर लिया और एक मशीन पर अंगूठा लगवाया। ये कहकर चला गया कि जल्द ही सिम पोर्ट हो जाएगा। इसके बाद पता चला कि खाते से पांच हजार रुपये निकाल लिए गए हैं। बैंक पहुंचकर जानकारी की तो सामने आया कि गांव करेली की ही रीता पुत्री राजेन्द्र कुमार के भी सिम पोर्ट कराने के नाम पर मशीन पर अंगूठा लगवाकर किसी ने दस हजार रुपये खाते से निकाल लिए। एसओ करेली विपिन शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर के नीचे दबकर युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव गौढ़ी मझरा निवासी सुंदर लाल का बेटा जयपाल बुधवार शाम ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। बताते हैं अचानक वह गिर गया और ट्रैक्टर के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई।

### मसूर काट रहे किसान के खेत में पहुंचा अजगर

**पलिया कलां, अमृत विचार :** गांव अतरिया निवासी मुमताज के खेत में मसूर काट रहे किसान एवं मजदूरों को एक अजगर दिखाई दिया। इससे वहां हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वन विभाग को सूचना दी। दुधवा की रेस्क्यू गर्ल नाजरुन निशा अपने साथियों सहित मौके पर पहुंचीं और अजगर को परड़कर कर जंगल में छोड़ दिया।

### दो लोगों के बीच मारपीट वीडियो वायरल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खीरी रोड पर गुरुवार दोपहर दो लोग किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों युवकों ने एक-दूसरे पर जमकर चप्पलें बरसाईं। किसी ने इसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। पुलिस का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। करीब आधा घंटा तक हाथापाई होने से लेकर एक दूसरे पर दोनों चप्पलों से हमलावर रहे। आस-पास के दुकानदार तमाशबीन बनकर वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने बीच बचाव की कोशिश नहीं की।

# मार्च क्लोजिंग के चलते निर्माण कार्यों में तेजी, चमकाया जा रहा पीडब्ल्यूडी दफ्तर

## राजापुर से नहर पुलिया तक सड़क निर्माण ने पकड़ी गति, शत प्रतिशत धनराशि खर्च करने का विभागों का दावा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** मार्च क्लोजिंग के चलते जिले में निर्माण कार्यों में तेजी आ गई है। वहीं, वित्तीय वर्ष के समापन से पहले अधिकारी बजट के उपयोग को लेकर माथापच्ची में जुटे हैं। विभागीय अफसर यह आंकलन कर रहे हैं कि कितना बजट प्राप्त हुआ और अब तक कितना खर्च हो चुका है। शेष बजट को समय रहते कहां और कैसे खर्च किया जाए, इस पर मंथन जारी है। इसी के चलते शहर में विभिन्न निर्माण कार्यों की रफ्तार तेज कर दी गई है और संबंधित विभागों से कार्यों का विस्तृत ब्यौरा भी मांगा जा रहा है।

गुरुवार को महाअष्टमी के अवकाश बाद भी पीडब्ल्यूडी में तेजी से कार्य होता नजर आया। सुबह से यहां ठेकेदारों की कारें आने लगीं। सभी पटलों पर लिपिक और अभियंता भी मशक्कत करते नजर आए। मार्च क्लोजिंग को सिर्फ पांच दिन बचे हैं। ऐसे में बजट का खर्च कर हिसाब किताब बराबर होता रहा। इसी के चलते पीडब्ल्यूडी दफ्तर के सभी भवन को भी रंगरोगन कर चमका दिया गया है।

उधर, राजापुर-नहर पटरी फोरलेन सड़क निर्माण में सीडीओ ने औचक निरीक्षण के दौरान सड़क खुदवाकर निर्माण सामग्री के सैंपल लैब भेजे और काम तत्काल रुकवा दिया था।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए ठेकेदार पर पेनल्टी की चेतावनी दी थी। मार्च क्लोजिंग में इस सड़क के भी दिन बहुत गए और तारकोल डालकर हॉट मिक्स से सड़क बनाई जाने लगी। इस सड़क को बनाने में दिन रात काम चल रहा है। उधर, गोला उप निबंधन कार्यालय के नये भवन, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, अन्नपूर्णा भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, गोशाला, पुलिस लाइन में हॉस्टल, ऑफीसर कॉलोनी में ट्रांजिस्ट हॉस्टल, बेहजम में बारातघर, गोला रेलवे क्रॉसिंग का ओवरब्रिज, लखीमपुर डिपो का नया बस अड्डा आदि अनेक काम ऐसे हैं, जिनको समय पर बजट न मिलने से इस वित्तीय वर्ष में निर्माण पूरे नहीं हो सके। वहीं, इस वित्तीय वर्ष में स्वीकृति तो मिली, लेकिन बजट नहीं मिला, जिससे कार्य की शुरुआत ही नहीं हो सकी। इसमें संकटा देवी चौराहा से लालपुर स्टेडियम मार्ग, श्रीकृष्णा टॉकीज रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज निर्माण, गोला बाईपास पर फ्लाईओवर समेत कई अन्य मार्गों का निर्माण शुरू नहीं हो सका।



पीडब्ल्यूडी दफ्तर में छुट्टी के बाद होता रहा काम, खड़े अफसरों-ठेकेदारों के वाहन।


राजापुर से नहर पुलिया तक बनाई जा रही हॉटमिक्स सड़क। ● अमृत विचार

● **बजट खपाने के लिए जद्दोजहद हुई तेज**

> जनवरी से ही कार्यों में तेजी लाई गई ताकि निर्माण कार्य समय पर हो सकें और बजट भी न बचे। प्रयास यही है कि वजट के सापेक्ष सभी कार्य पूर्ण हो जाएं।
> – **अभिषेक कुमार**, सीडीओ।

### पंचायत विभाग ने 99 प्रतिशत बजट खर्च कर डाला

पंचायत राज विभाग की ओर से गांवों में विकास कार्यों के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट आया है। विभाग का दावा है कि 98 प्रतिशत बजट कार्यों में खर्च किया जा चुका है। जो बजट शेष बचा है, उसको वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले ही खर्च कर लिया जाएगा। इसके अलावा अन्य मदों का बजट भी खपाया जा चुका है। वहीं, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में पुष्टाहार वितरण सहित अन्य कार्यों के लिए करीब 120 करोड़ का बजट आया, जिसमें अब तक 110 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है।

### पांच दिन में बजट खपाने की चुनौती

मार्च क्लोजिंग में महज पांच दिन शेष हैं। ऐसे में विभागों के सामने शेष बजट को नियमानुसार खर्च कर लेखा-जोखा पूरा करने की बड़ी चुनौती है। यही वजह है कि लिपिक से लेकर अफसर तक दिन रात काम में जुटे हैं। दफ्तरों में फाइलें पूर्ण कर आगे बढ़ाई जा रही है तो मौके पर निर्माण कार्यों में तेजी है।

# आभा आईडी में प्रथम लखीमपुर खीरी, सीएमओ सम्मानित


लखनऊ में प्रशंसा पत्र प्राप्त करते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **लखनऊ में राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में मिला प्रशंसा पत्र**

**अमृत विचार:** जनपद लखीमपुर खीरी की स्वास्थ्य टीम को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। अभियान अवधि में सर्वाधिक आभा आईडी बनाने पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है।

लखनऊ स्थित होटल क्लार्क अवध में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय एबीडीएम कॉन्फ्रेंस के दौरान महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा सचिव स्वास्थ्य/मिशन डायरेक्टर एबीडीएम उत्तर प्रदेश रितु माहेश्वरी तथा अपर निदेशक लखनऊ मंडल ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को प्रशंसा पत्र दिया। कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के विभिन्न मंडलों से आए अपर निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक सहित 200 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान जनपद की स्वास्थ्य टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन को सफलता का प्रमुख आधार बताया। अधीक्षक, डीपीएमयू, बीपीएमयू स्टाफ, सीएचओ, एएनएम, संगिनी, आशा कार्यकर्ता व पैरामेडिकल स्टाफ के योगदान की भी सराहना की। सीएमओ ने कहा कि स्थान हासिल करना जितना कठिन होता है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण उसे बनाए रखना है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से आह्वान किया कि वे आभा आईडी निर्माण और एबीडीएम के अन्य पहलुओं में निरंतर प्रयास जारी रखें। सीएमओ को लगातार शुभकामनाएं मिल रही हैं। उन्होंने उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# कोतवाली में आरोपी की हालत बिगड़ी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला सीएचसी में भर्ती प्रमोद कुमार और परिजन। ● अमृत विचार

● **परिजनों ने सीएचसी में किया जमकर हंगामा**

**अमृत विचार:** एक महिला को भगा ले जाने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने विलियमगंज निवासी प्रमोद को पूछताछ के लिए बुलाया था, जहां आरोपी की हालत बिगड़ गई। सीएचसी में इलाज के दौरान परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव विलियम गंज निवासी मोहन कुमार ने बताया कि 25 मार्च शाम लाल्हापुर गांव निवासी महिला भाग गई थी। बताया कि उसका भाई प्रमोद कुमार राजमिस्त्री है। गांव में महिला जिस मकान में रहती थी। उस मकान में प्रमोद कुमार कई महीने राजमिस्त्री का काम कर चुका है। प्रमोद कुमार के साथ चांद कुंआ निवासी मयंक मजदूरी का काम करता था, जिसका महिला के साथ संपर्क हो गया। 25 मार्च की शाम महिला भाग गई। पति की तहरीर पर पुलिस ने मजदूर मयंक को पकड़ लिया और पूछताछ के लिए प्रमोद कुमार को भी कोतवाली बुलाया। परिजनों ने बताया कि पुलिस प्रमोद को रात भर कोतवाली में बैठाए रही। गुरुवार सुबह मोहन कोतवाली पहुंचा तो उसके भाई की हालत नाजुक थी। उसने अपने भाई प्रमोद को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत ठीक न होने पर परिजन परेशान हो गए और पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। एसएसआई देवेंद्र सिंह ने परिजनों को समझाकर शांत किया और प्रमोद को जिला अस्पताल रेफर कराया।

## सफाईकर्मी को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** मोहल्ला बरखेरवा निवासी अंकित कुमार गुप्ता विकास खंड फूलबेहड़ के ग्राम पडरिया कला में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। सफाई कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने दो माह पहले इंडियन बैंक शाखा विकास भवन से 6.5 लाख रुपये का विभागीय लोन लिया था। इस दौरान उन्होंने शिव कुमार गुप्ता नामक टेलर को करीब 2.5 लाख रुपये उधार दिए थे। टेलर से दो कोट-पैंट और एक पैंट-शर्ट सिलवाई थी, जिसकी सिलाई के 6 हजार रुपये पहले ही दिए थे। एक कोट टाइट होने के कारण उसे ढीला कराने के लिए दिया था। शाम करीब 7:30 बजे जब वह कोट लेने दुकान पर पहुंचे, तो कहासुनी हो गई। आरोप है टेलर के बेटे अमित कुमार और आशीष उर्फ छोटे भी वहां आ गए और तीनों ने मिलकर उन्हें गिराकर लात-घूंसों, थप्पड़ों व डंडों से पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष के पति के निधन पर शोक जताया

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी पांडेय के पति कृष्ण कुमार पांडेय के निधन पर पालिका परिषद के सभागार में शोकसभा कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व पालिकाध्यक्ष के पति कृष्ण कुमार पांडेय जिला सहकारी बैंक में प्रबंधक के साथ रामायण सभा के बहुत समय तक अध्यक्ष रहे। साथ ही पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रहे। उन्होंने नैमिषारण्य में धर्मशाला का निर्माण कराया। शोक सभा में सभासद नानकचंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, कफील अहमद, इजरान अहमद, आशीष अवस्थी, रियाजुद्दीन, सुशील, हर्ष अवस्थी, सौरभ तिवारी, सुरेश जायसवाल, अनिल गुप्ता, शब्बन खां, आनंद सोनी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र तिवारी सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसी के खिलाफ दर्ज नहीं होने देंगे रिपोर्ट

संवाददाता, पलिया कलां


ग्रामीणों से बातचीत करते विधायक रोमी साहनी। ● अमृत विचार

● **तेंदुआ प्रकरण में विधायक रोमी साहनी का सख्त रुख**

**अमृत विचार:** पलिया विधानसभा क्षेत्र के मझगई रेंज के ग्राम बेला कलां में तेंदुआ प्रकरण ने अब तूल पकड़ लिया है। निर्दोष ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज किए जाने की आशंका के बीच विधायक रोमी साहनी ने मोर्चा खोलते हुए गांव पहुंचकर पीड़ितों का समर्थन किया।

विधायक रोमी साहनी ने तेंदुए के हमले में घायल ग्रामीणों को 20,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा में तेंदुए को काबू कर वन विभाग को सौंपने वाले किसी भी ग्रामीण पर मुकदमा दर्ज नहीं होने दिया जाएगा। बीते दिन बेला कलां गांव में खेतों में काम कर रहे बबलू और नरेश पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद दोनों युवकों ने साहस दिखाते हुए लाठी के सहारे तेंदुए को काबू में कर वन विभाग की टीम को सौंप दिया। इसी बीच जानकारी सामने आई कि वन विभाग द्वारा घायल युवकों समेत कुछ ग्रामीणों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। इस खबर से गांव में आक्रोश फैल गया। मामले की जानकारी मिलते ही विधायक रोमी साहनी गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि युवकों ने अपनी जान बचाने के लिए यह कदम उठाया, उनकी मंशा वन्यजीव को नुकसान पहुंचाने की नहीं थी। यदि निर्दोष ग्रामीणों पर कोई कार्रवाई होती है, तो वह उसके खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे।

विधायक ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में आए दिन बाघ और तेंदुए के हमले हो रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से सुरक्षा के ठोस इंतजाम नहीं किए जा रहे। उल्टा निर्दोष लोगों को ही निशाना बनाया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। फिलहाल इस प्रकरण में विधायक और वन विभाग आमने-सामने आ गए हैं, जिससे मामला और गंभीर होता नजर आ रहा है।




## सीईओ ने परखी आयुष्मान योजना की हकीकत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** आयुष्मान भारत योजना की जमीनी हकीकत जानने और इसके क्रियान्वयन को और प्रभावी बनाने के लिए के लिए कार्यक्रम की सीईओ आईएएस अर्चना वर्मा लखीमपुर पहुंची। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों व उपमुख्य चिकित्सा अधिकारियों समेत जिला यूनिट के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. अक्षत अग्रवाल, इंजीनियर आशुतोष श्रीवास्तव और डीजीएम अनुज प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। सीईओ ने योजना के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति पर चर्चा की। इस मौके पर आयुष्मान भारत योजना के प्रचार-प्रसार के लिए एक जागरूकता वाहन को सीएमओ कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन आगामी 10 दिनों तक प्रतिदिन कम से कम तीन गांवों का भ्रमण कर लोगों को योजना के प्रति जागरूक करेगा। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़कर उन्हें अधिकतम लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# या देवी सर्वभूतेषु सर्व रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमो नमः से गूंजे मंदिर

## नवरात्रि की अष्टमी को मां भगवती के महागौरी स्वरूप का किया गया पूजन, विद्या भारती के स्कूलों में अष्टमी पर कन्या भोज का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नवरात्रि पर्व की अष्टमी पर जगत जननी माता भगवती के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा का विधान है। इस पर गुरुवार को भक्तों ने मां महागौरी का व्रत रखकर विधि विधान से पूजन कर हवन किया। देवी मंदिरो में मईया के दर्शन करने के लिए दिन भर भक्तों की भीड़ बनी रही। उधर, विद्या भारती के स्कूलों में भी अष्टमी पर विधि विधान से धार्मिक आयोजन कर कन्याओं को भोज कराया गया।

नवरात्रि में माता के नौ दिनों में माता भगवती के अलग-अलग रूपों की उपासना होती है। इस क्रम में अष्टमी तिथि पर मां महागौरी की पूजा होती है। गुरुवार को शहर के प्राचीन संकटा देवी, बंकटा देवी, शीतला माता एवं भुईया माता मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। कपाट खुलने से पहले की माता का दर्शन करने के लिए भक्तों की कतार लग गई। माता के भक्तों ने अपनी बारी आने पर विधि विधान से देवी के दर्शन कर पूजन किया। इसके बाद घरों में जाकर विधि विधान से हवन कर कन्याओं को भोज कराया। घरों पर हवन आदि न कर पाने वाले भक्तों ने शनिवार को संकटा देवी मंदिर पहुंचकर हवन कर कन्याओं को दही जलेबी, हलुआ आदि खिलाकर दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। इससे शाम तक संकटा देवी मंदिर में भक्तों की कतार से लेकर कन्याओं को भोज कराने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर के पुजारी कमल मिश्रा ने बताया कि धार्मिक मान्यतानुसार देवी महागौरी भगवान शिव की अर्धांगिनी हैं और उनके साथ ही विराजमान रहती हैं। मां का रंग अत्यंत गौरवर्ण है। चार भुजाओं वाली मां महागौरी को श्वेतांबरधरा भी कहा जाता है। इनके एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे में डमरू, तीसरे हाथ में अभय मुद्रा और चौथे हाथ में वरमुद्रा होती है।



भोज में शामिल कन्याएं। ● अमृत विचार



बेटियों के चरण पखारतीं पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव और विधायक योगेश वर्मा।

### रामनवमी पर नारी सम्मान का संदेश, 101 कन्याओं का पूजन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामनवमी पर आयोजित इस कार्यक्रम में सदर विधायक योगेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, समाजसेवी मंजुला बरतरिया व सभासदगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में 101 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया गया। विशेष बात यह रही कि नगर पालिका के सफाई मित्रों की बेटियों को इस आयोजन में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया, जो कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक और प्रेरणादायक पहलू रहा। विधायक योगेश वर्मा व पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कन्याओं के चरण पखारकर, माथे पर तिलक लगाकर और स्नेहपूर्वक भोजन कराकर उनका सम्मान किया गया।

### भक्तों ने की महागौरी की आराधना

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर के पांडे बाबा स्थल पर बने दुर्गा देवी मंदिर, मोहल्ला काकूपुरियान चौराहे के निकट आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान में देवी मंदिर दुधवा रोड पर स्थित माता कालरात्रि मंदिर सरस्वती विद्या मंदिर में बने देवी मंदिर, मोहल्ला ढाकिन के देवी मंदिर सहित चीनी मिल मंदिर व संपूर्णा नगर रोड पर स्थित गुदड़िया बाबा मंदिर आदि में सुबह से पहुंचे देवी भक्तों ने प्रार्थना कर धूप, दीप, फूल- फल, नैवेद्य, मेवा- मिष्ठान आदि चढ़ाकर आरती की।

## लक्ष्मीनारायण मंदिर में नवरात्र का समापन, पूजन हवन के बाद भंडारा



गोला में सपत्नीक पूजन करते अवनि कुमार पांडे। ● अमृत विचार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चैत्र नवरात्रि के समापन एवं श्रीराम नवमी पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में पुजारी सुधीर बिजल्वाण द्वारा लगातार मां के आठों स्वरुपों की आराधना की गई। चैत्र नवरात्र के समापन पर मंदिर में हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य यजमान चीनी मिल के उपाध्यक्ष लीगल अवनि कुमार पांडे सपत्नीक ने पूजा की। पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, गोकरन प्रसाद पांडे, नरेंद्र कुमार, नारायन लाल, रमेश पाराशर, शंकर हालन, संजीव गिरि, दीपक हालन, मोहन जायसवाल, गोपाल गुप्ता, अजय झा, चीनी मिल के पीएस चतुर्वेदी, पीसी गुप्ता, अजीत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बार के महामंत्री का प्रयास लाया रंग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** तहसील में काफी समय से जर्जर सड़क, टीन शेड, टूटी बेंचें आदि की मांग की जा रही थी, जिसको लेकर सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री ने 23 मार्च को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए तहसील में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। तहसील में ऊबड़ खाबड़ सड़क, टीन शेड, खतौनी काउंटर के सामने टूटी बेंच, काउंटर और अधिवक्ताओं के बैठने के जगह ऊपर लगी जर्जर टीन आदि की मरम्मत को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा कई बार संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई थी। 23 मार्च सोमवार को जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी ने तहसील में निर्माण कार्य कराए जाने, बदहाल अव्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने को लेकर डीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा था। प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए सड़क निर्माण, टीन शेड, शौचालय के बाहर फर्श, बेंच का कार्य शुरू हो गया है। तहसील में सड़क, बेंच, शौचालय की फर्श काफी समय से बदहाल थी, जिससे अधिवक्ताओं, कर्मचारियो को आवागमन में काफी असुविधा हो रही थी।

## बार एसोसिएशन चुनाव में नाम वापसी 28 को

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** पलिया बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद नाम वापसी और वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची 28 मार्च को जारी होगी। यह जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी रविंद्र कुमार ने दी। पहले यह प्रक्रिया 27 मार्च को प्रस्तावित थी, लेकिन रामनवमी के अवकाश के चलते तिथि एक दिन आगे बढ़ा दी गई है।

चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी मतदाताओं से संपर्क में जुट गए हैं। अध्यक्ष पद पर अफसर अली, श्रीश द्विवेदी और जीवन प्रकाश मेनरो के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर धर्मराज शाक्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार और राजीव सिंह आमने-सामने हैं, जबकि मंत्री पद के लिए अरुण अवस्थी और सतीश कुमार सिंह के बीच मुकाबला है। संयुक्तमंत्री पद पर शेखर नाग, शशिकांत सिंह और परविन्द्र भार्गव के बीच टक्कर होगी।

कोषाध्यक्ष पद के लिए उपेन्द्र राणा और मनोज कुमार राठौर मैदान में हैं, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर बसंत कुमार प्रजापति और संजय कुमारी के बीच मुकाबला है। अंकेक्षक पद पर उमेश कुमार व गवर्निंग काउंसिल (वरिष्ठ) के तीनों पदों पर एहसान खान, कमाल इदरीसी व एमयू खान निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए हैं। गवर्निंग काउंसिल (कनिष्ठ) के दो पदों पर आमिर हुसैन, दुर्गा प्रसाद तिवारी और हेमंत कुमार मानक के बीच मुकाबला होगा।

## हवन, पूजन के साथ पालिका का मेला कार्यालय शुरू

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने विधिवत पूजन, अर्चन कर मेला मैदान स्थित नगर पालिका के मेला कार्यालय का उद्घाटन किया। पंडित लवकुश शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण कर हवन, पूजन कराया। मेले का आरंभ शनिवार शाम से होगा।

चैती मेला की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को नगर पालिका परिषद के स्थायी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस वर्ष मेले को 40 लाख रुपये के बजट के साथ और अधिक भव्य बनाने की योजना है। 20 दिन होने वाला यह मेला 16 अप्रैल तक चलेगा।

मेला मैदान में बच्चों के लिए झूले, मौत का कुआं, और विभिन्न प्रकार की दुकानें सजने लगी हैं। सांस्कृतिक मंच पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, रविन्द्र कटियार, नामित सभासद सत्रोहन मिश्र, सभासद हर्ष अवस्थी, धीरज बाजपेयी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी, रामसिंह, विमलेश वर्मा, पंकज राठौर, अंकित गुप्ता, रवि कुमार, रितेश कुमार, रमेश कुमार, हर्ष कटियार सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।



पालिका के अस्थायी कार्यालय पर पूजन करते पालिका अध्यक्ष। ● अमृत विचार

- ऐतिहासिक चैती मेला का उद्घाटन कल

### मेले में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी

28 मार्च को सुंदरकांड के साथ मेले का उद्घाटन होगा, 29 को भजन संध्या, 30 को मनोहारी कला केन्द्र एवं पल्लवी आर्ट ग्रुप, 31 को लोक नृत्य एवं लोक गायन, 1 अप्रैल को बाल कवि सम्मेलन, 2 अप्रैल को संगीत सम्मेलन आर्केष्टा, 3 को जूनियर गायन, नृत्य, 4 को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 5 को सीनियर गायन, 6 को स्थानीय कवि सम्मेलन, 7 को पंजाबी नाईट, 8 को खाटू श्याम संकीर्तन, 9 को धन निरंकार सत्संग, 10 अप्रैल को स्थानीय संगीत, 11 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 12 को कपिल बाबरा झांकी ग्रुप, 13 को भोजपुरी कार्यक्रम शिवानी सिंह, 14 को जवाबी कव्वाली टीना परवीन व तसलीम आरिफ, 15 को कुल हिन्द मुशायरा और 16 को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह गायक शब्बीर कुमार एण्ड पार्टी द्वारा होगा। सांस्कृतिक मंच पर सभी कार्यक्रम सायं 7 बजे से होंगे।

## महायज्ञ की पूर्णाहुति में उमड़े श्रद्धालु

**रोशननगर, अमृत विचारः** श्री शतचंडी महायज्ञ के आठवें दिन यज्ञाचार्य पंडित अशोक तिवारी ने मुख्य यजमानो से हवन कुंड में आहुतियां डलवाकर विश्व कल्याण के लिए पूजन कराया। हवन में तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। वृंदावन के रासलीला कलाकारों ने कृष्ण राधा की झांकी दिखाकर भक्त मीरा की लीला का मंचन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। मन्दिर के पुजारी जैजैराम कुशवाहा ने बताया कि 27 मार्च को कन्या भोज, भंडारे के साथ रासलीला का समापन होगा। आयोजक चौधरी विजेंद्र सिंह, अनिल गुप्ता, अंकित कुमार, रजनीश वर्मा, दिनेश कुशवाहा व तमाम ग्राम वासी मौजूद रहे।

## भोलेनाथ के दर्शन करने को शिव मंदिर में जुटे श्रद्धालु

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- मां पूर्णागिरि के दर्शन के बाद श्रद्धालु छोटी काशी पौराणिक शिव मंदिर भी आते हैं

**अमृत विचारः** छोटी काशी के पौराणिक शिव मंदिर में पूर्णागिरि धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से स्थानीय तीर्थ बाजार गुलजार है। दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए हैं, श्रद्धालु जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

उत्तराखंड के चंपावत जिले में टनकपुर के निकट मां पूर्णागिरि मंदिर एक प्रमुख शक्तिपीठ है, जहां से दर्शन के बाद नगर, क्षेत्र सहित आसपास के जनपदों के श्रद्धालु पौराणिक शिव मंदिर में भी दर्शन करने आते हैं। श्रद्धालु शारदा नदी के जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। नवरात्र प्रारंभ होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ ने स्थानीय व्यापार को बढ़ावा दिया है, जिससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए है। लोग बच्चों के लिए खिलौने, प्रसाद व अन्य सामान खरीद रहे हैं। इस भीड़भाड़ से शिव मंदिर परिक्षेत्र में व्यापारिक, धार्मिक रौनक बढ़ गई है।

### कुएं के जर्जर जाल पर लेते हैं सेल्फी

गोकर्ण तीर्थ स्थित कुएं पर पड़ा जा जर्जर होने से श्रद्धालुओं, दूर दराज से आने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का सबब बना हुआ है। लोग कुएं के जाल पर खड़े होकर तमाम प्रकार के फोटो शूट, रील, सेल्फी लेते हैं। जाल के कई जगह से टूटा, व जर्जर होने से कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है।

## पंडालों में अष्टमी पर हुआ हवन-पूजन

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर मांगी सुख समृद्धि, भक्तिमय हुआ माहौल

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र पर शक्ति की आराधना एवं उपासना के लिए क्षेत्र के तमाम गांवों में प्रतिपदा के दिन से ही पूजा पंडालों में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर पूजन अर्चन हो रहा है। सजाए गए पूजा पंडालों में बृहस्पतिवार को दुर्गा अष्टमी पर यज्ञ हवन कराए गए, जिससे क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

कस्बा मूड़ा सवारान सहित क्षेत्र के नौगवा, संसारपुर, हरसिंगरपुर, खडरहिया, रायपुर, लखरावां, फूलपुर, बस्तौली, नौसर आदि गांवों में सजाए गए पूजा पंडालों में प्रतिमाओं की प्रतिदिन पूजा-अर्चना की गई। माता रानी के दर्शन करने के लिए महिलाएं और बच्चों की पंडालों में भीड़ उमड़ी। शाम होते ही भजन-कीर्तन और झांकियों का प्रदर्शन होता रहा।

पूजन आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। चैत्र नवरात्र श्रद्धा उल्लास का उत्सव और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का संगम है। क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की प्रतिदिन पूजा हुई। हर एक दिन विशेष अवतार की आराधना विभिन्न गुणों और शक्तियों के साथ बुराई पर अच्छाई का प्रतीक भी है। दुर्गा अष्टमी पर गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में हवन का आयोजन किया। मूड़ा सवारान में पं. कपिल मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं से यज्ञ में आहुतियां डलवाईं। हवन में आहुतियां देकर लोगों ने परिवार और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। जिससे दिन भर माहौल भक्तिमय बना रहा। क्षेत्र में सजाए गए पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को धूमधाम के साथ पवित्र शारदा नदी में किया जाएगा।



मूड़ा सवारान में सजा मां का दरबार।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रुपये
डॉक्टर द्वारा परामर्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

